पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने शाहजहाँपुर में सफाई कर्मियों और बच्चों को सम्मानित किया

लखनऊ : 12 जून, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज अपने एक दिवसीय शाहजहाँपुर भ्रमण के दौरान अखिल भारतीय सफाई मजदूर गरीब उत्थान यूनियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मियों व बच्चों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा पिछले 10 साल से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गयी है। उन्होने कहा कि आने वाली पीढ़ी में सफाई की आदत डाली जाए। रास्ते में आते जाते समय कहीं भी कूड़ा कचरा ना फेंके। उन्होंने बच्चों, सफाई कर्मचारियों एवं शिक्षकों से विशेष रूप से कहा कि साफ सफाई एवं स्वच्छता रखना बहुत जरूरी है। अपने सम्बोधन में उन्होंने प्रत्येक बच्चे के लिए शिक्षा को आवश्यक बताया और बच्चों की समुचित शिक्षा व्यवस्था पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा समाज सेवकों को उनके दायित्वों के प्रति सक्रिय रहकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि जो भी जिम्मेदारियां दी गई हैं, उन्हें अच्छे ढंग से निभाएं। जनपद भ्रमण में राज्यपाल जी ने जनपद के प्रसिद्ध हनुमत धाम पहुँचकर पूजा–अर्चना भी की।

इस अवसर पर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री के.सी. मिश्रा, जनपद शाहजहाँपुर की महापौर सुश्री अर्चना वर्मा तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक,
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361